खरपतवार समाचार
WEED NEWS

जनवरी-जून, 2016 January-June, 2016
खंड 16, क्रमांक 1 Vol. 16, No. 1

Contents

अनुसंधान उपलब्धियाँ Research highlights

- उच्च कार्बन डाईआक्साइड और तापमान का गेहूं एवं *फैलेरिस माइनर* की कार्यिकी एवं जैव रासायनिक अवस्था पर प्रभाव
  Effects of elevated CO_2 and temperature on physiological and biochemical properties of wheat and *Phalaris minor* ...1
- आण्विक फिंगर प्रिंटिंग के द्वारा खरपतवारीय धान में विविधता का विश्लेषण
  Molecular fingerprinting of weedy rice morphotypes ...2
- छत्तीसगढ़ में *क्रोमोलिना ओडोराटा* का फैलाव एवं प्रबंधन
  Spread of *Chromolaena odorata* and its management in Chhattisgarh ...3
- लुधियाना का मनसूरां गांव पंजाब में 'प्रथम गाजरघास मुक्त गांव' घोषित
  Ludhiana's Mansuran village named as "First *Parthenium*-free village" in Punjab ...3

कार्यक्रम आयोजन / Events organised ...4

समीक्षा बैठकें / Review meetings ...7

मानव संसाधन विकास / Human resource development ...9

निदेशक की कलम से / From Director's Desk ...12

Common Weeds

Cyperus iria

Cassia Tora

अनुसंधान उपलब्धियाँ / Research highlights

उच्च कार्बन डाईआक्साइड और तापमान का गेहूं एवं *फैलेरिस माइनर* की कार्यिकी एवं जैव रासायनिक अवस्था पर प्रभाव

जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरुप वायुमंडलीय कार्बन-डाईआक्साइड एवं तापमान में बढ़ोत्तरी, फसलों में वृद्धि एवं विकास के साथ ही साथ खरपतवार प्रजातियों के वितरण एवं बहुतायत को भी प्रभावित करती है। इसलिए गेहूं एवं *फैलेरिस माइनर* पर उच्च कार्बन-डाईआक्साइड (550±50 पीपीएम) और उच्च तापमान (परिवेश + 3.0±0.5 डिग्री से.ग्रे.) के प्रभाव का अध्ययन ओपन टॉप चेम्बर (ओ.टी.सी.) में किया गया। प्रयोग में पाया गया कि उच्च तापमान अकेले या उच्च कार्बन-डाईआक्साइड के संयोजन से गेहूं की वृद्धि एवं विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जबकि इस तरह का कोई प्रतिकूल प्रभाव *फै. माइनर* पर नही देखा गया। गेहूं एवं *फै. माइनर* की फीनोलॉजी (बाली के उद्भव) पर उच्च तापमान अकेले या उच्च कार्बन-डाईआक्साइड के संयोजन का एक उल्लेखनीय प्रभाव देखा गया।

Effects of elevated CO_2 and temperature on physiological and biochemical properties of wheat and *Phalaris minor*

As a result of climate change, increase in atmospheric CO_2 and temperature affect the growth and development of crops as well as weed species distribution and abundance. Therefore, in order to observe the various effects of elevated CO_2 (550 ± 50 ppm) and elevated temperature (ambient + 3.0 ± 0.5°C) on wheat and weed (*P. minor*), a study was conducted in open top chambers (OTCs). Results revealed that increase in atmospheric CO_2 had a positive effect on overall growth of wheat as well as *P. minor*. However, elevated temperature alone or in combination with elevated CO_2 had adverse effects on growth and development of wheat, but, no such adverse effect was noticed in case of *P. minor*. At elevated CO_2, an increase in the rate of photosynthesis was observed irrespective of



गेहूँ Wheat



फैलेरिस माइनर Phalaris minor





चित्र 1: उच्च कार्बन-डाईआक्साइड और तापमान का गेहूं और *फै. माइनर* पर प्रभाव

Figure 1: Effect of elevated CO_2 and temperature on wheat and *P. minor*

संवर्धित कार्बन-डाईआक्साइड पर दोनों ही प्रजातियों के पौधों की प्रकाश संश्लेषण की दर में बढ़ोत्तरी पायी गई, दूसरी ओर अधिक तापमान की स्थिति में प्रकाश संश्लेषण की दर गेहूँ में कम पाई गई जबकि ऐसी कोई कमी *फै. माइनर* में नहीं देखी गई। उच्च कार्बन-डाईआक्साइड पर गेहूं के साथ-साथ *फैलारिस माइनर* में रंध्रीय चालकता और वाष्पोत्सर्जन की दर में कमी पाई गई जबकि उच्च तापमान पर दोनों प्रजातियों में विपरीत प्रभाव देखा गया। उच्च तापमान पर गेहूं की पैदावार में एक महत्वपूर्ण कमी (19.9%) दर्ज की गई। हालांकि उच्च कार्बन-डाईआक्साइड पर गेहूं की उपज में 18.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। (चित्र 1)

growth stage and species. On the other hand, at elevated temperature, rate of photosynthesis decreased in wheat, however, no such decrease was observed in *P. minor*. Elevated CO_2 led to a decrease in stomatal conductance and rate of transpiration in wheat as well as *P. minor*, however, reverse was true at elevated temperature in both the species irrespective of growth stage. A considerable decrease (19.9%) in grain yield of wheat was recorded at elevated temperature, however, at elevated CO_2, grain yield of wheat was increased by 18.6%. (Figure-1)

आण्विक फिंगर प्रिंटिंग के द्वारा खरपतवारीय धान में विविधता का विश्लेषण

एस.एस.आर. मार्कर के द्वारा डॉर्विन सॉफ्टवेयर के उपयोग से खरपतवारीय धान के प्रतिरूपों की आण्विक फिंगर प्रिंटिंग इस बात की पुष्टि करती है कि इनका आनुवांशिक स्तर भौगोलिक स्थिति से संबद्ध नही है (चित्र 2)। स्ट्रक्चर सॉफ्टवेयर, संस्करण 2.3.4 के द्वारा आण्विक विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि खरपतवारीय धान के प्रतिरूप तीन समूहों में विभक्त होते हैं इनमें से दो समूहों के प्रतिरूप अत्यधिक समानता प्रदर्शित करते हैं तथा इनमें निहित प्रतिरूपों की संख्या भी अधिक है जिनके बीच आनुवांशिक समानता ज्यादा देखने को मिलती है (चित्र 3)। इन समूहों में कृषिजन्य धान और खरपतवारीय धान के प्रतिरूपों की अधिकता है, जिनमें आनुवांशिक समानता पाई गई है। अत: यह कहा जा सकता है कि भारतीय खरपतवारीय धान, कृषिजन्य और जंगली धान का संकर है।

Molecular fingerprinting of weedy rice morphotypes

Molecular fingerprinting of weedy rice morphotypes by SSR markers analyzed using Darwin software (version 6.0) validates that they do not appreciate geographical boundaries at the genetic level (Figure 2). Molecular analysis using STRUCTURE version 2.3.4 revealed weedy rice morphotypes to form three populations. Two out of the three populations revealed admixture of morphotypes (Figure 3). Of these two, the population with maximum members also had maximum gene flow. This population also had cultivated and wild rice indicating majority of the weedy rice population to bear genetic similarity to both cultivated and wild rice. Thus, it can be stated that Indian weedy rice is largely a hybrid between cultivated and wild rice.



चित्र 2: एस.एस.आर. मार्कर का उपयोग कर खरपतवारीय धान की आण्विक फिंगर प्रिंटिंग

Figure 2: Molecular fingerprinting of weedy rice morphotypes by SSR markers



चित्र 3: मिश्रण मॉडल पर संख्या आधारित सह संबंद्ध आवृत्ति

Figure 3: Population structure based on admixture model with frequency correlated

छत्तीसगढ़ में *क्रोमोलिना ओडोराटा* का फैलाव एवं प्रबंधन

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में लगभग 15 साल पहले *क्रोमोलिना ओडोरेटा* को समस्यात्मक खरपतवार नहीं माना जाता था परंतु बहुत कम समय में ही इसने बहुत बड़े भू-भाग जैसे सामुदायिक भूमि, परती भूमि और वन भूमि आदि को संक्रमित कर दिया । वर्ष 2012 के प्रथम प्रयास में क्रोमोलिना से संक्रमित क्षेत्रों में लगभग 3000 गांठ मक्खियों के द्वारा परम्परागत जैवकीय नियंत्रण शुरू किया गया। पुन: सितम्बर 2013 और 2014 में जगदलपुर के विभिन्न क्षेत्रों में क्रमश: 1500 और 500 संक्रमित गांठ मक्खी को छोड़ा गया और क्रोमोलिना ओडोराटा पर गाल सर्वेक्षणों का मूल्यांकन किया गया। यद्यपि गालों की संख्या कम देखी गई परंतु वे स्थापित हो गये। खाली जगहों पर चकोड़ा (*केसिया टोरा*) द्वारा क्रोमोलिना को विस्थापित किया जा सकता है।

परती भूमि में क्रोमोलिना ओटोराटा का गंभीर प्रकोप

Establishment of *C. odorata* in field conditions

Spread of *Chromolaena odorata* and its management in Chhattisgarh

In Bastar region of Chhattisgarh, about 15 years back, *Cromolaena odorata* was not considered as problematic weeds but in a short span, it has infested large area of community land, wasteland and forest lands in this area. The first attempt of biological control of *C. odorata* was made in 2012 with the release of 3000 galls infested with gall fly in the infested area. Again 1500 and 500 infested galls were released at different sites of Jagdalpur in September 2013 and 2014, respectively. Survey in 2015 revealed the formation of galls on *C. odorata*. Although number of galls were less but it was the indication of the initiation of establishment process. Botanic *Cassia tora* was found effective to replace *C. odorata* in vacant land.

लुधियाना का मनसूरां गांव पंजाब में 'प्रथम गाजरघास मुक्त गांव' घोषित

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के प्रयासों से, लुधियाना जिले के लुधियाना-पाखोवल रोड पर स्थित मनसूरां गांव पंजाब का 'प्रथम गाजरघास मुक्त गांव' बन गया है। सस्य विज्ञान विभाग, पी.ए.यू. द्वारा मनसूरन गांव में आयोजित गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम ने ग्रामवासियों को गाजरघास (*पार्थेनियम हिस्टरोफोरस*) के प्रति जागरूक किया, जो कि देश में सबसे खतरनाक हानिकारक घास प्रजाति है। जागरूकता कार्यक्रम भा.कृ.अनु.प.-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

मनसूरां गांव में प्रवेश करते हुये ही किसी भी सीमा से गाँव को गाजरघास मुक्त देखा जा सकता है। पी.ए.यू. के वैज्ञानिकों ने ग्राम पंचायत, ग्रामवासियों और विद्यार्थियों को गाजरघास के प्रतिकूल प्रभावों से अवगत कराया और व्यवहारिक व क्रियाशील तरीके से इस खरपतवार के नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण दिया। इन जागरूकता कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप, मनसूरां गाव की ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आज यह गाँव खरपतवार मुक्त है। कई अन्य ग्राम पंचायतों ने मनसूरां गांव का दौरा किया एवं ग्राम पंचायत के साथ बातचीत की। पी.ए.यू. के वैज्ञानिकों ने इस खरपतवार के उन्मूलन का श्रेय ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयासों को दिया।

लुधियाना का मनसूरां गांव गाजरघास मुक्त घोषित

Parthenium-free Mansuran village in Ludhiana

Ludhiana's Mansuran village named as 'First *Parthenium*-free village' in Punjab

With the efforts of Punjab Agricultural University (PAU), Mansuran village, situated on the Ludhiana-Pakhowal road in Ludhiana district, has become the 'First *Parthenium* - free village' of Punjab. The '*Parthenium* Awareness Programme' organized by the Department of Agronomy, PAU in this village made the residents aware of gajarbooti (*Parthenium hysterophorus*), which is one of the most feared noxious weed species in the country. The awareness programmes were held under the aegis of ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur. While entering into village Mansuran, one can see the whole village free from *Parthenium* infestation.

The PAU scientists sensitized the Gram Panchayat, residents and students about the adverse effects of *Parthenium* and imparted hands-on trainings for the control of this weed. Thereafter as a result of great efforts by Gram Panchayat & villagers, village is now free from this weed. The PAU scientists gave credit to the villagers for eradication of this weed which is possible only through community approach.

कार्यक्रम आयोजन / Events organised

67वां गणतंत्र दिवस

निदेशालय ने 26 जनवरी 2016 को 67वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह से मनाया। निदेशक महोदय ने उपलब्धियों और पूर्व वर्षो में अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों को मजबूत करने हेतु की गई पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने निदेशालय की छवि को उन्नत करने के लिए कर्मचारियों से समर्पण भाव से कार्य करने का आग्रह किया । इस अवसर पर स्टाफ द्वारा निदेशालय की बांउडरी बाल के किनारे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

67th Republic Day

Directorate celebrated the 67th Republic day on 26 January, 2016 with great enthusiasm. Director highlighted the achievements made and initiatives taken during the preceding years to strengthen the research and extension activities of the Directorate. He appealed staff to work with dedication for alleviating the image of the Directorate. On this occasion, along the boundary wall of the Directorate, mass plantation was carried out by the staff.

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 29 फरवरी 2016 को निदेशालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान क्विज और विज्ञान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में प्रत्येक वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। श्री श्रीनिवास द्विवेदी, कार्यकारी अभियंता और क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर ने समारोह की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि ने 'पर्यावरण कानूनों पर सामान्य जानकारी' पर एक दिलचस्प और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

National Science Day

The National Science Day was celebrated on 29 February, 2016. To mark the occasion, science quiz and science speech competitions were organized. A huge number of staff from all categories overwhelmingly and enthusiastically came forward to test their scientific temper and understanding. Mr. Shrinivas Dwivedi, Executive Engineer and Regional officer, MP Pollution Control Board, Jabalpur presided over the function. He delivered an interesting and informative lecture on 'General information on environmental laws'.

राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

निदेशालय में 'खरपतवार प्रबंधन के नये आयाम' पर चतुर्थ राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 12-21 जनवरी, 2016 के दौरान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक महोदय ने किया। स्वागत उद्बोधन में उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम और संरक्षित कृषि के लाभों का वर्णन किया। उन्होंने इसमें खरपतवार प्रबंधन के महत्व और उसकी आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे खरपतवार प्रबंधन की सही तकनीकियों को जाने और उन तकनीकियों का उपयोग एवं प्रसार अपने-अपने क्षेत्रों में करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स निदेशक डॉ. आर.पी. दुबे ने पिछले 10 दिनों में आयोजित प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों के बारे में बातचीत की साथ ही आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण दौर से गुजरने के बाद 'खरपतवार प्रबंधन' के बारे में प्रशिक्षणार्थियों के ज्ञान में वृद्धि हुई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, पंजाब, नागालैण्ड, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों / भा. कृ. अनु. प. संस्थानों के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

National Training Programme

Directorate organized 4th National training programme on 'Advances in Weed Management' from 12 - 21 January 2016. Dr. A.R. Sharma, Director DWR, Jabalpur inaugurated the programme. In welcome address, he described the benefits of the training progamme and conservation agriculture. He also threw light on importance of weed management in it and its need. He appealed to the participants to learn right techniques of weed management and utilize and spread these techniques in their respective areas. Course Director of the training programme Dr. R.P. Dubey spoke about the different diamentions of training imparted in 10 days and hoped that after undergoing training, trainees' knowledge about weed management has increased. Training programme was attended by scientists and professors of ICAR institutes/ Agricultural Universities from Karnataka, Jammu and Kashmir, West Bengal, Punjab, Nagaland, Rajasthan, Maharashtra, Madhya Pradesh and other states.

किसान दिवस एवं गोष्ठी

निदेशालय द्वारा 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन 19 फरवरी 2016 को कटनी जिले के घुघरा गाँव में एवं 21 मार्च 2016 को सिवनी जिले के नागन देवरी गाँव में किया गया। इसमें चयनित एवं समीप के गाँव के कई किसानों और सरपंचों ने कार्यक्रम में भाग लिया और निदेशालय के वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, मध्यप्रदेश एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों से बातचीत की। संरक्षित खेती के अर्न्तगत गेहूँ में खरपतवार प्रबंधन के संबंध में अधिक जागरूकता बढ़ाने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत चुने गये क्षेत्र के प्रोग्राम लीडर ने खरपतवार प्रबंधन एवं 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम की जानकारी दी। डॉ. पी.के. सिंह,

Kisan Day-cum-Goshthi

Directorate organized Kisan Gosthi at village Ghughra, Katni on 19 February, 2016 and village Nagan Deori, Seoni on 21 March, 2016 under 'Mera Gaon Mera Gaurav' programme in which large number of farmers and Sarpanch from the identified and nearby villages attended the programme and interacted with the scientists and officers of ICAR-DWR, Dept. of Agriculture, Govt. of MP and KVKs.

The locality leaders welcomed the participants and presented an overview on weed management, and the MGMG programme being carried out in districts. Dr. P.K. Singh, PS (Ag. Ext.) informed the farmers about the MGMG programme and conservation agriculture practices. Dr. A.R.

प्रधान वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) ने एमजीएमजी कार्यक्रम एवं संरक्षित कृषि के बारे में किसानों को बताया। डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक ने भूमि के संरक्षण और फसलों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु संरक्षित खेती को अपनाने का आग्रह किया। जिन किसानों ने संरक्षित कृषि को अपनाया उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। किसानों को संरक्षित कृषि के अन्तर्गत गेंहूँ की अच्छी फसल दिखाने के लिए ऑन फार्म रिसर्च साइट पर ले जाया गया।

Sharma, Director, ICAR-DWR urged the farmers to adopt the conservation agriculture practices for sustaining the soil and crop productivity. Farmers who adopted the improved weed management practices and conservation agriculture technology, shared their views and experiences with the audience and urged the other farmers to adopt these technologies to increase crop productivity. The farmers were taken to the OFR site to see for themselves the good crop of wheat under conservation agriculture.

उद्योग दिवस

निदेशालय द्वारा 22 मार्च 2016 को उद्योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शोभा सोधिंया, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने सभी प्रतिभागियों एवं शाकनाशी उद्योगों के प्रतिनिधियों जैसे बी.ए.एस.एफ, एक्सेल, इफ्को, किसान कॉल सेन्टर, समृद्धी का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक ने एक परिचात्मक प्रस्तुति में खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर में किये जा रहे महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्यों पर प्रकाश डाला एवं कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने पर जोर दिया जिससे कि कृषि क्षेत्र में किसानों के असंतोष को कम किया जा सके । डॉ. शर्मा ने जोर देकर कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में खरपतवार की चुनौतियां से निपटने के लिए सहभागिता के साथ कार्य करना आवश्यक है।

Industry Day

Directorate celebrated Industry day on 22 March, 2016. Dr. Shobha Sondhia, welcomed all the participants, farmers and the representatives from herbicide industries like BASF, Denuka and Samridhi. Dr. A.R. Sharma, Director presented the on-going research activities on weed management at Directorate. He emphasized to make agriculture a profitable venture so that alienation of farmers from agriculture can be minimized. He also briefed about the research programmes carried out at the Directorate. He advised that government and private organization should work together for betterment of agriculture sector.

शाला के विद्यार्थियों का अध्ययन भ्रमण

अशोका हॉल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, जबलपुर के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ 5 अप्रैल 2016 को निदेशालय का भ्रमण किया। छात्रों को एक प्रस्तुति के माध्यम से भारत में कृषि शिक्षा प्रणाली और निदेशालय के कार्यों से उन्हें अवगत कराया गया। डॉ. ए.आर. शर्मा ने छात्रों के साथ बात-चीत की और राष्ट्र निर्माण में कृषि के महत्व पर प्रकाश डाला और इस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि के प्रति छात्रों का रूझान जानने के लिए छात्रों से एक प्रश्नावली भी भरवाई गई। छात्रों ने निदेशालय की प्रयोगशालाओं और सूचना केन्द्र का दौरा भी किया।

Study tour of School Students

Students from The Ashoka Hall Senior Secondary School, Jabalpur accompanied by teachers visited the Directorate on 5 April, 2016. Students were exposed to the agricultural education system in India and the mandate of the Directorate through a presentation. Director, Dr. A.R. Sharma interacted with the students and highlighted the importance of agriculture for nation building and motivated the students to build a career in this field. A questionnaire was also filled up by the students to assess their inclination towards agriculture. They also visited the laboratory and the Information Centre of the Directorate.

28वां स्थापना दिवस

निदेशालय ने 22 अप्रैल 2016 को अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गुरूबचन सिंह, अध्यक्ष, ए.एस.आर.बी., आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली, डॉ. व्ही.एस. तोमर, कुलपति, ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर और प्रोफेसर पी.डी. जुयाल, कुलपति, एन.डी.वी.एस.यू., जबलपुर उपस्थित रहे। अनुसंधान प्रक्षेत्र के भ्रमण के दौरान, डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक ने निदेशालय के प्रक्षेत्र के विकास के लिए कृषि संरक्षण के सिद्धांतों पर आधारित की गई विभिन्न पहलों के बारे में बताया। गणमान्य अतिथियों ने चन्दन का पौधा लगाया साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण- सह-किसान छात्रावास की नींव भी रखी गई। इसके पश्चात् निदेशालय के सभा कक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों के औपचारिक स्वागत के पश्चात् डॉ. ए.आर. शर्मा ने 2015 की मुख्य उपलब्धियों और नई पहलों को प्रस्तुत किया। उन्होंने 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 4 जिलों में 20 गांवों का चयन, 'विश्व मृदा दिवस' का आयोजन, एवं हैदराबाद में 25 वीं एशियाई प्रशांत खरपतवार विज्ञान सोसायटी सम्मेलन का उल्लेख किया।

28th Foundation Day

Directorate celebrated its 28th Foundation Day on 22 April, 2016. This memorable occasion was graced by the presence of Chief Guest, Dr. Gurbachan Singh, Chairman, ASRB, ICAR, New Delhi, Dr. V.S. Tomar, Vice Chancellor, JNKVV, Jabalpur and Professor P.D. Juyal, Vice Chancellor, NDVSU, Jabalpur. During the visit of research farm, Dr. A.R. Sharma, Director explained various initiatives taken for developing the farm of the Directorate based on principles of conservation agriculture. Dignitaries planted a sapling of sandalwood, followed by the laying of foundation stone of Training-cum-Farmers Hostel by the Chief Guest.

A programme was organized in the Conference Hall of the Directorate. After a formal welcome of the guests, Dr. A.R. Sharma presented the salient achievements and new initiatives undertaken during 2015. He mentioned the adoption of 20 villages in 4 districts of Madhya Pradesh under 'Mera Gaon Mera Gaurav' programme, organization of 'World Soil Day' and 25th Asian-Pacific Weed Science Society Conference at Hyderabad.

डॉ. गुरबचन सिंह जी ने स्थापना दिवस पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि प्रगति के विश्लेषण का एवं आने वाले वर्षों के लिए लक्ष्यों को निर्धारित करने का यह एक विशेष अवसर हे। उन्होंने वैज्ञानिकों से सक्रिय, समस्या सुलझाने वाले, परिणाम-उन्मुख और किसानों की भागीदारी एवं नेटवर्क मोड में अनुसंधान शुरू करने के लिए कहा। सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता पुरस्कार 2015-16 विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों को उनके द्वारा किए कए उत्कृष्ट योगदान के आधार पर दिए गए। तीन प्रकाशन भी इस अवसर पर जारी किये गये।

स्वच्छता पखवाड़ा

भारत सरकार के निर्देशानुसार, निदेशालय में दिनांक 16-31 मई, 2016 को स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, परिसर एवं कार्यालय की सफाई, सफाई के प्रति आम जनमानस में जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया। इसी तारतम्य में 'स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण सुरक्षा' विषय पर निदेशालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रह्लाद पटेल जी, सांसद, दमोह (म.प्र.) एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपस्थित रहे। प्रारम्भ में निदेशालय के निदेशक डॉ. अजीत राम शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात् बताया गया कि इस निदेशालय का समस्त स्टॉफ विगत डेढ़ वर्षों से हर सप्ताह दो घण्टे का समय इस सफाई कार्यक्रम के लिये देता है जिसके अंतर्गत ना केवल परिसर के अंदर बल्कि आस-पास के रिहाइसी कॉलोनी में साफ-सफाई की जाती है और लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता लाने हेतु सतत् प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में पधारे श्री प्रह्लाद पटेल जी द्वारा इस अवसर पर अपने उद्बोधन में निदेशालय द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यों की प्रगति की प्रशंसा करते हुये स्वच्छता के प्रति सभी के सहयोग की अपील की गई ।

विश्व योग दिवस

निदेशालय के परिसर में दिनांक 21 जून 2016 को 'विश्व योग दिवस' को बडे उत्साह पूर्वक मनाया गया। निदेशालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रात: 6.30 से 8.00 बजे तक विख्यात योग प्रशिक्षक श्री अजय तिवारी के मार्गदर्शन में योग सत्र मनाया गया। इस अवसर पर निदेशालय के निदेशक डॉ. ए.आर. शर्मा द्वारा वर्तमान समय में रोजमर्रा के व्यस्ततम जीवन शैली और स्वस्थ रहने के तरीके में योग की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगो से अपने दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाने की अपील की गई। योग प्रशिक्षण में निदेशालय के 60 से ज्यादा अधिकारियों, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। विख्यात योगाचार्य श्री अजय तिवारी द्वारा योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम तथा शुद्धि क्रियाओ का अभ्यास निदेशालय के समस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को करवाया गया।

Dr. Gurbachan Singh greeted the staff on the Foundation Day and mentioned that it is a special occasion to analyze the progress made and set targets for the coming years. He asked scientists to undertake research which is pro-active, anticipatory, problem-solving, result-oriented and farmer participatory, and in a network mode. Best Worker Awards were conferred for 2015 based on the outstanding contributions made by the staff members in different categories. Three publications were also released on this occasion.

Swachhta Pakhwada

As per directives of Government of India, Directorate celebrated 'Swachhta Pakhwada' from 16-31 May, 2016. It was celebrated through cleaning of office premises, adjoining areas of Directorate and by creating awareness among the people. A programme was also organized in which Sh. Prahlad Patel, MP, Damoh (M.P.) was the chief guest. After welcoming the guest of the day, Dr. A.R. Sharma, Director informed the guest about the activities which are being carried out under 'Swachhta Abhiyan'. He also informed that every staff of the Directorate is devoting 2 hours in a week for cleanliness of the office and adjoining areas. Thereafter, Guest delivered lecture on 'Swachhta abhiyan evam paryavaran suraksha' and appreciated the efforts made by the Directorate in the field of weed management as well as towards creating awareness about 'Swachh Bharat Mission'.

International Yoga Day

Directorate celebrated 'International Yoga Day' on 21 June, 2016. On the occasion, Yoga Session was conducted in the campus along with all the staff members from 6.30-8.00 am under the guidance of Yoga trainer Sh. Ajay Tiwari. At the outset, Dr. A.R. Sharma, Director welcomed all the staff and emphasized on the importance of daily practicing yoga to remain healthy. More than 60 members took part in yoga training. Yoga expert Sh. Ajay Tiwari explained the importance of yoga and demonstrated various asanas of Yoga and pranayam.

समीक्षा बैठकें / Review meetings

24वी संस्थान प्रबंधन समिति की बैठक

संस्थान प्रबंधन समिति की 24वीं बैठक डॉ. ए.आर. शर्मा, निदेशक की अध्यक्षता में दिनॉक 10 मार्च, 2016 को आयोजित की गई। समिति के अन्य सदस्य डॉ. एस.के. राव, संचालक अनुसंधान, ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर; डॉ. एस.के. बन्द्योपाध्याय, प्र.वै., पर्यावरण विज्ञान विभाग, आई.ए.आर.आई. नई दिल्ली; डॉ. डी.पी. सिंह, पूर्व प्र.वै. (पादप कार्यिकी), आई.सी.ए.आर.-एन.आर.आर.आई. कटक; डॉ. ओ.पी. प्रेमी, प्र.वै., आई.सी.ए.आर.-डी.आर.एम.आर., भरतपुर; श्री सुरेन्द्र अम्रुते, सहायक निदेशक (कृषि), भोपाल; श्री आर.के. गिरि, प्रशासनिक अधिकारी एवं सदस्य सचिव, सभी शोध कार्यक्रम प्रमुख एवं सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी उपस्थित रहे।अध्यक्ष ने निदेशालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, अधिदेश, नेटवर्किंग, फार्म की सुविधाओं, कर्मचारियों की संख्या, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों, नई पहलों आदि के बारे में जानकारी दी। सदस्य सचिव ने 23वीं बैठक की अनुशंसाओं पर कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की। शोध कार्यक्रम प्रमुखों ने वर्ष 2015-16 की अनुसंधान गतिविधियों एवं 2016-17 के लिए प्रस्तावित अनुसंधान गतिविधियों के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया। वित्त एवं लेखा अधिकारी ने वर्ष 2015-16 के दौरान बजट के उपयोग पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के सदस्यों ने विभिन्न मदों में बजट की कुशल उपयोग की सराहना की। वर्ष 2016-17 में आवश्यक उपकरणों की खरीद एवं कार्य प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त करते हुए अपनी सिफारिश दी।

XXIV Institute Management Committee Meeting

The XXIV meeting of Institute Management Committee (IMC) was held on 10 March, 2016 under the chairmanship of Dr. A.R. Sharma, Director, ICAR-DWR in the presence of members Dr. S.K. Rao, Director of Research, JNKVV, Jabalpur; Dr. S. K. Bandopadhyay, Principal Scientist, Div. of Environmental Science, ICAR-IARI, New Delhi; Dr. D.P. Singh, Ex-Principal Scientist (Plant Physiology), ICAR-NRRI, Cuttack; Dr. O.P. Premi, Principal Scientist (Agronomy), ICAR-DRMR, Bharatpur; Sh. Surendra Amrute, Asst. Director, DFWAD, Govt. of MP, Bhopal (Representative of Director, DFWAD, Bhopal); Sh. R.K. Giri, Administrative Officer & Member Secretary, the research programme leaders and Assistant Finance & Accounts Officer, ICAR-DWR, Jabalpur. The Chairman briefed about the historical background, mandate, networking collaboration, farm facilities, discipline-wise staff strength, major research programmes in XII plan. The Member Secretary presented the Action Taken Report (ATR) on the recommendations of the XXIII IMC meeting held on 24.09.2014. Thereafter, research programme leaders presented the salient research achievements of 2015-16 and future research programme for 2016-17. Mr. M. S. Hedau, AF&AO presented the details of budget allocation and utilization under Plan and Non-Plan of ICAR-DWR, Jabalpur and AICRP-WM for the years 2014-15 and 2015-16 (up-to February 2016). All members appreciated the efficient utilization of funds under different heads.

19वीं शोध सलाहकार समिति की बैठक

निदेशालय की 19वीं शोध सलाहकार समिति की बैठक 17-18 मार्च, 2016 को आई.सी.ए.आर.-डी.डब्ल्यू.आर., जबलपुर में आयोजित की गई। डॉ. डी.एम. हेगड़े, अध्यक्ष; डॉ. गीता कुलश्रेष्ठ, सदस्य; डॉ. एस. भास्कर, सदस्य; डॉ. ए.आर. शर्मा, सदस्य; डॉ. भूमेश कुमार, सदस्य सचिव और निदेशालय के सभी वैज्ञानिक इस बैठक में उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने वर्ष 2015-16 में निदेशालय की मुख्य उपलब्धियों और इस दौरान प्रमुख पहलों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। डॉ. भूमेश कुमार ने 7-8 मार्च, 2015 को पिछली बैठक में की गई सिफारिशों से संबंधित कार्यवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। आर.ए.सी. ने सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही रिपोर्ट पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि पिछली बैठकों में की गई सिफारिशों का अच्छी तरह ध्यान रखा गया। उसके बाद, 2015 के मुख्य शोध निष्कर्षों और 2016 में किये जाने वाले अनुसंधान कार्यक्रमों पर संबंधित वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। दिनांक 18 मार्च, 2016 को आर.ए.सी. के सदस्यों ने अनुसंधान क्षेत्र और वहां पर किये जा रहे अनुसंधान कार्यो का अवलोकन किया। आर.ए.सी. ने चल रहे अनुसंधान कार्यो की सराहना की और अनुसंधान क्षेत्र को एक मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए पूरे निदेशालय को बधाई दी।

XIX Research Advisory Committee Meeting

